## जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत जनपद झाँसी में कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी महोदय, झाँसी की अध्यक्षता में दिनांक 20.05.2026 को आहूत बैठक का कार्यवृत।

दिनांक 20.05.2026 को अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में जनपद झाँसी की जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक में निम्नानुसार सदस्य/अधिकारी उपस्थित रहें:-


| क्र0 सं0 | अधिकारी का नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1 | श्री रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाड | मुख्य विकास अधिकारी, झाँसी। |
| 2 | श्री योगेन्द्र कुमार | अपर जिलाधिकारी (न.ग.), झाँसी। |
| 3 | श्री रणविजय सिंह | अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झाँसी। |
| 4 | श्री मुकेश पाल सिंह | अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (नगरीय), झाँसी। |
| 5 | श्री उमेश प्रसाद | अधिशासी अभियन्ता, झाँसी डिवीजन जल संस्थान, झाँसी। |
| 6 | श्री नितेश प्रताप सिंह | सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झाँसी। |
| 6 | श्री वैभव गंगवार | सहायक अभियन्ता (वि./यां.), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झाँसी। |
| 7 | श्री अर्जुन ठाकुर | टीम लीडर, पी.एम.सी., झाँसी। |
| 11 | श्री आशुतोष श्रीवास्तव | टीम लीडर, टी.पी.आई., झाँसी। |
| 12 | श्री अब्दुल वाहिद | प्रतिनिधि मैसर्स एन.सी.सी., झाँसी। |
| 13 | श्री संदीप दीक्षित | जी.एम., बी.जी.सी.सी., झाँसी। |
| 14 | श्री जे.एस. पेट्रीक | पी.एम., मैसर्स आई.एच.पी., झाँसी। |

जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी। समीक्षा में निम्न बिन्दुओं पर निर्देशित किया गया :-

- <u>जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद झाँसी में निर्माणाधीन 10 नग ग्राम समूह पेयजल योजनाओं के कार्यों की समीक्षा।</u>

जनपद झाँसी में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत 10 नग ग्राम समूह पेयजल योजनाओं की अद्यतन स्थिति निम्नानुसार है :-

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि 10 नग ग्राम समूह पेयजल योजनाओं में से 07 नग ग्राम समूह पेयजल योजनाओं (गुलारा, बचावली, तिलैथा, बुढपुरा, बड़वार, कुरैछा एवं पुरवा) के समस्त कार्य पूर्ण करते हुये लगभग 15 माह से 07 नग योजनायओं का संचालन एवं अनुरक्षण अनुबन्धित फर्म के माध्यम से किया जा रहा है। उक्त 07 नग योजनाओं में से तिलैथा ग्राम समूह पेयजल योजना का 01 ग्राम (तालरमन्ना) तथा बुढपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना के 04 ग्राम (धुनावलीकला, गेवरा, शेखर एवं खैलार) का प्रमाणीकरण किया जाना शेष है। साथ ही अवगत कराया गया कि कुरैछा ग्राम समूह पेयजल योजनान्तर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा क्षतिग्रस्त पाइप लाइनों के कारण जलापूर्ति बन्द 06 ग्रामों में से 03 ग्राम में जलापूर्ति प्रारम्भ करा दी गयी है। परन्तु शेष पाइप लाइन की मरम्मत लोक निर्माण विभाग द्वारा अभी तक पूर्ण नही की गयी है, जिस कारण शेष 03 ग्रामों की जलापूर्ति वर्तमान में भी बन्द है, जिस पर जिलाधिकारी महोदय, झाँसी द्वारा बैठक में उपस्थित सहायक अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि उक्त क्षतिग्रस्त पाइप लाइन की अविलम्ब कराना सुनिश्चित करें। ताकि योजना का सम्पूर्ण लाभ ग्रामवासियां को मिल सकें।



**<u>इमलौटा ग्राम समूह पेयजल योजना</u>** :– योजनान्तर्गत प्रस्तावित समस्त सिविल कार्यों को पूर्ण किया जा चुका है। 16700 नग गृह संयोजनो के माध्यम से योजना मे सम्मिलित कुल 87 ग्रामों में से 85 ग्रामों को कमीशन्ड करते हुये 66 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है। साथ ही 10 ग्रामों को "हर घर जल" प्रमाणित किया जा चुका है। बैठक के दौरान अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि अनुबन्धित फर्म द्वारा ग्रामों में सड़क पुर्नस्थापना सम्बन्धी कार्यों को अत्यन्त धीमी गति से कराया जा रहा है, जिस पर अनुबन्धित फर्म के प्रतिनिधि द्वारा अवशेष ग्रामों में जून–2026 के अन्त तक जलापूर्ति प्रारम्भ करने, ग्रामों में अवशेष सड़क पुर्नस्थाना कार्य को पूर्ण कराने हेतु आश्वस्त किया गया।

**<u>टेहरका–बरथरी ग्राम समूह पेयजल योजना</u>** :– योजनान्तर्गत 2 नग इन्टेक वेल, 2 नग वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, 27 नग ओवर हैड टेंक, 20 नग सी.डब्लू.आर., 5.12 किमी. रॉ–वाटर राईजिंग मेन, 188.275 किमी. क्लीयर वाटर राईजिंग मेन, 1239.45 किमी. वितरण प्रणाली तथा 54860 नग एफ.एच.टी.सी. (गृह संयोजन) किया जाना प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष 02 नग इन्टेक वेल–100%, वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट–95%, 27 नग ओवर हैड टेंक–95%, 20 नग सी.डब्लू.आर.–95%, 5.57 किमी. रॉ–वाटर राईजिंग मेन, 271.37 किमी. क्लीयर वाटर राईजिंग मेन, 1381.50 किमी. वितरण प्रणाली, 29590 नग एच.टी.सी. (अक्रियाशील एफ.एच.टी.सी.) कार्य पूर्ण किया जा चुका है। टेहरका ग्रा.स.पे.यो. में 17540 नग क्रियाशील गृह संयोजन (एफ.एच.टी.सी.) के माध्यम से योजना में सम्मिलित 93 ग्रामों के सापेक्ष 80 ग्रामों को कमीशन्ड करते हुये 63 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी गयी है तथा बरथरी ग्रा.स.पे.यो. में 7730 नग क्रियाशील गृह संयोजन (एफ.एच.टी.सी.) के माध्यम से योजना में सम्मिलित 106 ग्रामों के सापेक्ष 69 ग्रामों में आंशिक एवं 45 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ की जा चुकी है। बैठक में उपस्थिति फर्म के प्रतिनिधि श्री संदीप दीक्षित द्वारा अवगत कराया गया कि टेहरका–बरथरी-ग्राम समूह पेयजल योजनाओं के समस्त ग्रामों में जुलाई–2026 तक नियमित जलापूर्ति जलापूर्ति प्रारम्भ करा दी जायेगी।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी महोदय, झाँसी द्वारा निर्देश दिये गये कि योजनान्तर्गत ग्रामों में पाइप लाइन बिछाने हेतु खोदी/काटी गयी सड़कों को पुर्नस्थापना कार्य शीर्ष प्राथमिकता पर कराया जायें। साथ ही ग्रामों में पाइप लाइनों के लीकेज होने के कारण हो रही पेयजल बर्बादी की रोकथाम हेतु आवश्यक सार्थक प्रयास करना सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति मे पाइप लाइनों के लीकेजों होने के कारण ग्रामों में हो रही पेयजल बर्बादी के दृष्टिगत योजनाओं के कार्यों हेतु अनुबन्धित फर्म के विरुद्व अर्थदण्ड अध्यारोपित करने की कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

बैठक के दौरान अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) झाँसी द्वारा अवगत कराया गया कि टेहरका ग्राम समूह पेयजल योजनान्तर्गत निम्न विवरण के अनुसार निर्माण खण्ड–3, लोक निर्माण विभाग, झाँसी द्वारा टेहरका ग्राम समूह पेयजल योजनान्तर्गत एरच–बेंदा–रामनगर मर्गा पर 150 एवं 250 मिमी. व्यास डी.आई. के–7 पाइप, एरच–ढिकौली मार्ग पर 63 मिमी. व्यास एच.डी.पी.ई. पाइप गृह संयोजनों, गुरसरांय–मोंठ मार्ग पर 150 मिमी. व्यास डी. आई. के–7 एवं बामौर–गढ़वई–ककरवई मार्ग पर 100 मिमी. व्यास की डी.आई. के–7 पाइप लाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है, जिस कारण योजना के 10 ग्रामों की जलापूर्ति बाधित हो गयी है।

जिस पर बैठक में उपस्थित निर्माण खण्ड–3, लोक निर्माण विभाग, झाँसी के सहायक अभियन्ता द्वारा अवगत कराते हुये आश्वस्त किया गया कि शीघ्र ही उक्त क्षतिग्रस्त पाइप लाइनों की मरम्मत करा दी गयी जायेगी।



बैठक के दौरान अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), झाँसी द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि जनपद झाँसी में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन 10 नग ग्राम समूह पेयजल योजनाओं की श्रोत स्थिरता (Source Sustainability Report) तैयार करते हुये उच्चाधिकारियों को प्रेषित करने हेतु अनुरोध किया गया, जिस पर जिलाधिकारी महोदय, झाँसी द्वारा अनुमोदन प्रदान करते हुये स्वीकृति हेतु अग्रिम कार्यवाही करने के लिये अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), झाँसी को निर्देशित किया गया। साथ ही अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया है कि 10 नग ग्राम समूह पेयजल योजनाओं में सम्मिलित ग्रामों की पेयजल आपूर्ति हेतु कच्चे जल की मांग जनपद के विभिन्न बांधों/झीलों पर निर्धारित है, का जल स्तर निम्नानुसार बनाये रखने के लिये सम्बन्धित विभागों को अवगत

कराया जा चुका है, जिस पर बैठक में वर्चुअल रूप से उपस्थिति सिंचाई विभाग अधिकारियों को बांध/झीलों जल स्तर निम्नानुसार बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया। ताकि वर्तमान ग्रीष्म ऋतु में ग्रामों में पेयजल की समस्या उत्पन्न न हों।

झाँसी प्रखण्ड बेतवा नहर के बिन्दु–

| क्र.सं. | योजना का नाम | डैम का नाम | आरक्षित आवश्यक पानी की मात्रा प्रतिवर्ष (एम.सी.एम.) | प्रतिदिन आवश्यक पानी की मात्रा (एम.एल.डी.) | द्वितीय इनलेट का RL |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गुलारा योजना | पारीछा बाँध | 2.68 | 13.02 | 185.93 |
| 2 | बचौली योजना | पारीछा बाँध | 3.65 | 15.02 | 192.50 |
| 3 | तिलैथा योजना | पारीछा बाँध | 2.35 | 10.64 | 183.70 |
| 4 | बढ़वार योजना | बढ़वार झील | 3.69 | 14.95 | 180.00 |

माताटीला बाँध प्रखण्ड झाँसी के बिन्दु–

| क्र.सं. | योजना का नाम | डैम का नाम | आरक्षित आवश्यक पानी की मात्रा प्रतिवर्ष (एम.सी.एम.) | प्रतिदिन आवश्यक पानी की मात्रा (एम.एल.डी.) | द्वितीय इनलेट का RL |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बुढ़पुरा योजना | माताटीला बाँध | 6.66 | 32.88 | 301.50 |

सपरार प्रखण्ड झाँसी के बिन्दु–

| क्र.सं. | योजना का नाम | डैम का नाम | आरक्षित आवश्यक पानी की मात्रा प्रतिवर्ष (एम.सी.एम.) | प्रतिदिन आवश्यक पानी की मात्रा (एम.एल.डी.) | द्वितीय इनलेट का RL |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कुरैचा योजना | सपरार बाँध | 6.70 | 27.45 | 218.50 |

मौदहा बाँध निर्माण खण्ड प्रथम महोबा के बिन्दु–

| क्र.सं. | योजना का नाम | डैम का नाम | आरक्षित आवश्यक पानी की मात्रा प्रतिवर्ष (एम.सी.एम.) | प्रतिदिन आवश्यक पानी की मात्रा (एम.एल.डी.) | द्वितीय इनलेट का RL |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बरथरी योजना | एरच बाँध | 8.15 | 33.47 | 154.60 |
| 2 | टेहरका योजना | एरच बाँध | 5.80 | 26.24 | 151.60 |
| 3 | इमलौटा योजना | लेहचुरा बाँध | 3.36 | 34.75 | 183.35 |
| 4 | पुरवा योजना | पहाडी बाँध | 3.86 | 16.13 | 191.00 |

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन (रेट्रोफिटिंग/पुर्नगठन/नई योजनायें) 04 पैकेजों की समीक्षा की गयी, जिसके सापेक्ष अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद झाँसी में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कुल 04 नग पैकेज स्वीकृत है, जिनके निर्माण कार्य प्रगति पर है। परन्तु लगभग 1½ वर्ष से अधिक समय से योजनान्तर्गत कराये गये कार्यो का भुगतान न होने के कारण योजनाओं की प्रगति धीमी है।

पैकेज संख्या–02 में सम्मिलित समस्त 13 योजनाओं के 21 ग्रामों में से 20 ग्रामों में जलापूर्ति की जा रही है। मात्र 01 ग्राम बसारी में पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ करने हेतु जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्मित बढ़वार ग्राम समूह पेयजल योजना से जोड़ा जाना प्रस्तावित है।

पैकेज संख्या–03 में सम्मिलित समस्त 05 योजनाओं के 21 ग्रामों में से 12 ग्रामों में जलापूर्ति प्रारम्भ (06 ग्रामों में शत–प्रतिशत एवं 06 ग्रामों 60–70 प्रतिशत) की जा चुकी है। 08 ग्रामों को बरथरी एवं 01 ग्राम को इमलौटा ग्राम समूह पेयजल योजना से पेयजल प्राप्त करते हुये जलापूर्ति प्रारम्भ की जानी प्रस्तावित है।

जनपद झाँसी में जल निगम (ग्रामीण) द्वारा जनरल विपिन रावत डिफेन्स कॉरीडोर झाँसी नोड़ की जलापूर्ति हेतु योजना निर्माणाधीन है। योजनान्तर्गत प्रस्तावित इन्टेक वेल, 350 मिमी. व्यास की रॉ–वाटर राईजिंग मेन बिछाने का कार्य, 1300 किली. क्षमता के आर.डब्लू.आर. कम पम्प हाउस का निर्माण कार्य, 1.50 एम.एल.डी. क्षमता के वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट का कार्य, 650 किली. क्षमता की स्वच्छ जलाशय का निर्माण कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है तथा वाटर वर्क्स कैम्पस की बाउण्ड्री वाल निर्माण कार्य 95 प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है। वर्तमान तक योजना के 95 प्रतिशत कार्य पूर्ण किये जा चुके है। योजना पर दिनांक 20.05.2026 विद्युत संयोजन प्राप्त हो गया है। शीघ्र ही टेस्टिंग कार्य प्रारम्भ कराते हुये योजना को क्रियाशील कर दिया जायेगा।

जनरल विपिन रावत डिफेन्स कॉरीडोर झाँसी नोड़ योजना के द्वितीय चरण में प्रस्तावित 03 नग ओवर हैड टेंकों के कार्य टॉप डोम तक पूर्ण किया जा चुका है। राईजिंग मेन बिछाने का कार्य 85 प्रतिशत पूर्ण कराते हुये वर्तमान तक योजना के 78 प्रतिशत कार्यो को पूर्ण किये जा चुके है। शेष कार्यो को दिसम्बर–2026 तक पूर्ण करा लिया जायेगा।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी महोदय, झाँसी द्वारा समस्त विभागों अध्यक्षों को समाचार पत्रों में प्रकाशित हो रहे विद्युत, पेयजल एवं पेयजल समस्याओं के सम्बन्धित शीर्षकों का गम्भीरतापूर्वक संज्ञान लेते अविलम्ब निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया गया।

अन्ततः धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त की गयी।

अनुमोदित

अधिशासी अभियन्ता
उ0प्र0 जल निगम, झाँसी।
सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन

(मृदुल चौधरी)
जिलाधिकारी, झाँसी।

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झाँसी।

पत्रांक–1048/एम-28/एस0टी0/नमामि गंगे/कार्यवृत/2026–27/62    दिनाँक: 9-6-, 2026

प्रतिलिपि– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

1– मा0 प्रमुख सचिव, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति उ0 प्र0 शासन, लखनऊ।
2– अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, उ0प्र0, लखनऊ।
3– मुख्य विकास अधिकारी, झाँसी।
4– समस्त सम्बंधित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5– अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई विभाग (समस्त खण्ड/मण्डल), झाँसी।

अधिशासी अभियन्ता
उ0प्र0 जल निगम, झाँसी।
सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन